# Padasalai's
## Telegram Groups!

( தலைப்பிற்கு கீழே உள்ள லிங்கை கிளிக் செய்து குழுவில் இணையவும்! )

- Padasalai's NEWS - Group

https://t.me/joinchat/NIfCqVRBNj9hhV4wu6_NqA

- Padasalai's Channel - Group

https://t.me/padasalaichannel

- Lesson Plan - Group

https://t.me/joinchat/NIfCqVWwo5iL-21gpzrXLw

- 12th Standard - Group

https://t.me/Padasalai_12th

- 11th Standard - Group

https://t.me/Padasalai_11th

- 10th Standard - Group

https://t.me/Padasalai_10th

- 9th Standard - Group

https://t.me/Padasalai_9th

- 6th to 8th Standard - Group

https://t.me/Padasalai_6to8

- 1st to 5th Standard - Group

https://t.me/Padasalai_1to5

- TET - Group

https://t.me/Padasalai_TET

- PGTRB - Group

https://t.me/Padasalai_PGTRB

- TNPSC - Group

https://t.me/Padasalai_TNPSC

CLASS 12th _ 02/03/2020

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न–पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

## भाग - I (PART - I)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए : **14x1=14**

Choose the **correct** answer :

1. महाराज मानसिंह के दरबारी कवि थे :
(अ) महादेवी (आ) भारतेन्दु (इ) वृन्द

2. लोभी ________ होकर योग्य–अयोग्य का फरक नहीं जान सकता।
(अ) चालाक (आ) चतुर (इ) विवेकहीन

3. 'अमावस्य' अंधकार ________ का प्रतीक है।
(अ) खुशी (आ) निराशा (इ) आशा

4. ललित कलाओं के द्वारा उसके ________ आनंद की सिद्धि होती है।
(अ) अलौकिक (आ) स्वलौकिक (इ) लौकिक

5. गोपालप्रसाद और शंकर ________ को देखने आए थे।
(अ) उमा (आ) प्रेमा (इ) रमा

[ Turn over

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

www.Padasalai.Net www.TrbTnpsc.com



6. __________ से कम आयु वाले बच्चे किसी कारखाने या खान में नौकर नहीं रखा जायेगा।
(अ) 16 वर्ष (आ) 14 वर्ष (इ) 12 वर्ष

7. चम्पा के पिता __________ के यहाँ प्रहरी का काम करते थे।
(अ) नगरी (आ) मणिभद्र (इ) जलमग्न

8. उपन्यास सम्राट के यश को प्राप्त करने वाले कहानीकार __________ हैं।
(अ) सत्यवती मल्लिक (आ) जयशंकर प्रसाद (इ) प्रेमचंद

9. __________ ने कमल को दो गुब्बारे और दो कागज़ के खिलौने लाकर दिये।
(अ) निर्मला (आ) सावित्री (इ) पार्वती

10. रज्जब और उसकी पत्नी ने रात __________ के घर गुज़ारी।
(अ) दर्ज़ी (आ) हलवाई (इ) ठाकुर

11. श्रृंगार रस का स्थायी भाव है __________।
(अ) क्रोध (आ) रति (इ) शोक

12. संधि के प्रकार हैं :
(अ) तीन (आ) एक (इ) दो

13. पद परिचय को __________ भी कहते हैं।
(अ) अर्थ बोध (आ) ज्ञान बोध (इ) शब्द बोध

14. कवि + इंद्र की संधि है :
(अ) कवीन्द्र (आ) कविन्द्र (इ) कवेन्द्र

## भाग - II (PART - II)

### SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3x2=6
Answer **any three** of the following.

15. हरिश्चंद्र किस पवित्र प्रेम की ओर संकेत करते हैं?

16. मनुष्य किस कारण अंधा हो जाता है?

17. रामस्वरूप ने क्या झूठ बोला?

18. रज्जब की पत्नी को क्या हुआ था?

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

www.Padasalai.Net www.TrbTnpsc.com



## SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2x2=4

Answer **any two** of the following.

19. भगवान गणपति से हाथ जोड़कर तुलसीदास कौन-सा वर माँगते हैं ?

20. सैर करने के लिए कौन-सी व्यवस्था थी ?

21. वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(अ) वशीभूत होना (आ) सहयोग करना

## SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7x2=14

Answer **any seven** of the following.

22. सूचना के अनुसार बदलिए।

सीता रोटी खाती है। ('सीता' के बदले 'राम' का प्रयोग)

23. संधि विच्छेद कीजिए।

(अ) एकैक (आ) तल्लीन

24. शुद्ध कीजिए।

लड़का ने गिर गया।

25. रेखांकित का पद परिचय दीजिए।

थोड़ी दूर चलकर वह बैठ गया।

26. संधि किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद हैं ?

27. रस की परिभाषा देते हुए रस के प्रकार बताइए।

28. ईद कब मनाई जाती है ?

29. 'आकाशदीप' कहानी के कहानीकार का नाम बताइए।

30. कमल ने अपनी माँ से क्या देखने की अनुमति माँगी ?

[ Turn over

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com

Scanned by CamScanner

www.Padasalai.Net www.TrbTnpsc.com



## भाग - III (PART - III)

### SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2x4=8

Answer **any two** of the following.

31. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।
प्राणनाथ ब्रजराज जू आरतिहार नँद नंद।
धाइ भुजा अरि राखिये, डुबत भाव हरिचंद।।

32. क्रोध की व्यंजना कैसे प्रकट होती है?

33. अमीना के दु:ख का कारण क्या था?

34. पारिभाषिक शब्द लिखिए।
(अ) Cash (आ) Radio
(इ) Prime Minister (ई) Frequency

### SECTION - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2x4=8

Answer **any two** of the following.

35. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए।
विनायक पन्द्रह साल का लड़का था। वह अनाथ था। वह अनाथालय में रहता था। वह रोज सुबह बगीचे के पौधे को पानी से सींचता था। फिर पाठ पढ़ता था। दस मील पैदल चलकर पाठशाला जाता था। वह नम्र और होशियार छात्र था। सभी अध्यापक उसे बहुत चाहते थे। वह मिलनसार था। दूसरे लड़के भी उसे चाहते थे।

36. "ईदगाह" कहानी का सार लिखिए।

37. रज्जब और उसकी स्त्री ने रात में ठहरने का क्यों निश्चय किया?

38. संधि कीजिए।
(अ) भगवत + दर्शन (आ) ने + अन्
(इ) अनु + अय (ई) स्व + छंद

### SECTION - 3

**किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3x4=12

Answer **any three** of the following.

39. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।
"अगर हम मैल का सदुपयोग करना सीख ले तो लाखों रुपयों की खाद बचा लेंगे और स्वयं अनेक रोगों से बच जाएंगे।"

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

www.Padasalai.Net www.TrbTnpsc.com



40. "करुण रस" **अथवा** "वीर रस" को सोदाहरण समझाइए।

41. सही मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| प्रेमचंद | प्रियप्रवास |
| भारतेंदु | रस मिमांसा |
| रामचंद्र शुक्ल | भारत दुर्दशा |
| हरिऔध | ईदगाह |

42. हिन्दी में अनुवाद कीजिए।
Hard work is a basic quality of human being. Only because of such hard work, man satisfies all his physical needs. This is the only way to test and develop all his hidden talents. Besides this it is the real way to realize his usefulness as a human being and as a part of the society.

43. लिपिक पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए। (किसी कंपनी के नाम)

## भाग - IV (PART - IV)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **3x6=18**
Answer the following in detail.

44. (a) कला के भेदों को सविस्तार समझाइए।

**अथवा**

(b) 'रक्तदान' पर एक अनुच्छेद लिखिए।

45. (a) कवि 'काल से अपराजित' वासी हैं। समझाइए।

**अथवा**

(b) 'भाई-बहन' कहानी का सारांश लिखिए।

46. (a) 'परिचय' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(b) धर्म स्वातंत्रय के अधिकार का अर्थ लिखिए।

## भाग - V (PART - V)

कंठस्थ भाग : **( अनिवार्य प्रश्न )** **1x6=6**
Quote from memory **(Compulsory)**

47. कवि वृन्द के कोई तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

-oOo-

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

08/04

# 12th Hindi

## Part - I

**Choose**

1. (इ) वृन्द
2. (इ) विवेकहीन
3. (आ) निराशा
4. (अ) अलौकिक
5. (अ) उमा
6. (आ) 14 वर्ष
7. (आ) मणिभद्र
8. (इ) प्रेमचंद
9. (अ) निर्मला
10. (इ) ठाकुर
11. (आ) रति
12. (अ) तीन
13. (इ) शब्द बोध
14. (अ) कविन्द्र

## Part - II

### Section - I

15. जिस पवित्र-प्रेम को पाने से दूसरी वस्तुओं को पाने की इच्छा समाप्त हो जाती है, जो पवित्र प्रेम ईश्वर प्राप्ति का साधन है, उस पवित्र प्रेम की ओर कवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र संकेत करते है।

16. लोभ का चश्मा आँखों पर लगा लेने से मनुष्य अंधा हो जाता है। वह विवेकहीन होकर योग्य-अयोग्य का फरक नहीं जान सकता।

17. रामस्वरूप मध्यमवर्गीय परिवार के थे। वे जल्द से जल्द अपनी बेटी की शादी करना चाहते थे। अतः उन्होंने यह झूठ बोला कि उमा मेट्रिक पास है जबकि वह बी.ए. पास है।

18. रज्जब की पत्नी को बुखार हो आया था।

### Section - 2

19. तुलसीदास हाथ जोड़कर भगवान गणपति से यह वर माँगते हैं कि श्री राम और सीता हमेशा उनके मन में बसे रहें।


Scanned by CamScanner

20 सैर करने के लिए जो जोहान्सबर्ग जाने की इच्छा करते वे सप्ताह में एक या दो बार जाते थे। वे पैदल जाते थे और उसी दिन लौट आते थे।

21. अ) वशीभूत होना
लोग आसानी से लोभ के वशीभूत होते हैं।
आ) सहयोग करना
सरकार के कामों में जनता को भी सहयोग करना चाहिए।

Section - 3

22. राम रोटी खाता है।

23. (अ) एक + एक
(आ) तत् + लीन

24. लड़का गिर गया।

25. थोड़ी – विशेषण, परिमाण वाचक, स्त्रीलिंग, दूर संज्ञा की विशेषता।
बैठ – क्रिया, अकर्मक क्रिया, संयुक्त क्रिया, पुल्लिंग; एकवचन, कर्ता वह।

26. दो वर्णों के मेल को संधि कहते हैं।
संधि तीन प्रकार के हैं –
(1) स्वर संधि (2) व्यंजन संधि (3) विसर्ग संधि

27. Book Pg 126 – 1st Paragraph.

28. रमजान के पूरे तीस दिन मुसलमान रोज़ा रखते हैं। अगला महीना शव्वाल है। इसी महीने के पहले दिन को ईद मनाया जाता है।

29. आकाशदीप कहानी के कहानीकार का नाम जयशंकर प्रसाद है।

30. कमल ने माँ से बहन के साथ मुहर्रम का जुलूस देखने की अनुमति माँगी।


Scanned by CamScanner

31. संदर्भ : यह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का दोहा है। यह दोहा उनकी लिखी "चन्द्रावली" नामक नाटिका का दोहा है। चन्द्रावली कृष्ण को अपना पति मानती है। उनको न पाकर वह वेदना में तड़पती है। इसी संदर्भ में यह दोहा है।

व्याख्या : चन्द्रावली श्री से प्रार्थना करती है कि हे प्राणनाथ। हे व्रज भूमि के राजा। तुम भक्तों के दुखों को दूर करनेवाले हो। तुम नँद के प्रिय पुत्र हो। मैं इस दुनिया के कष्टों के कारण मर रही हूँ। तुम जल्दी दौड़कर आओ, मेरा हाथ पकड़कर मुझे मरने से बचाओ।

32. क्रोधी के यह कहने से कि "मैं उसे पीस डालूँगा," क्रोध की व्यंजना प्रकट होती है।

33. अमीना का बेटा और बहु दोनों मर गये, पोता हामीद उसके साथ रहता था। वह पाँच साल का था। गरीबी में अमीना मुसीबतें सह रही थीं, इतने में ईद आ गयी तो अमीना हमिद के लिए कुछ पकवान भी बना न सकी। उसके घर में दाना भी नहीं था। यही अमीना के दुख का कारण था।

34. (अ) Cash - रोकड़ (आ) Radio - आकाशवाणी

(इ) Prime minister - प्रधान मंत्री (ई) Frequency - आवृत्ति

Section-C

→


Scanned by CamScanner

विनायक।

35. अनाथ विनायक मेहनती और होशियार छात्र था, वह नम्र था। सब उसको चाहते थे।

36. ईदगाह → Find enclosed in Last Pages.

37. रज्जब ललितपुर का कसाई था। वह मडपुरा गाँव में आकर रोजगार करके लौटनेवाला था। इतने में उसकी पत्नी को बुखार आया। उसके पास बड़ी रकम थी। पत्नी और रकम दोनों को सही सलामत रखने के लिए रज्जब ने रात को मडपुरा में ठहरने का निश्चय किया।

38. (अ) भगवद्दर्शन (इ) अन्वय
(आ) नयन (ई) स्वच्छंद

Section - 3

39. Pl. Find enclosed in Last Pages

40. Pl. Find enclosed in Last Pages.

41. प्रेमचंद - ईदगाह
भारतेंदु - भारत दुर्दशा
रामचंद्र शुक्ल - रस मिमांसा
हरिऔध - प्रिय प्रवास

42. मेहनत करना मनुष्य की बुनियादी प्रवृत्ति है। इसी मेहनत के जरिए मनुष्य अपनी सभी भौतिक जरूरतों की पूर्ति कर लेता है। उसकी छिपी क्षमताओं की परीक्षा करने और विकसित करने के लिए यही एक मार्ग है। इसके अलावा मनुष्य के लिए व्यक्ति या समाज के अंग के रूप में अपनी उपयोगिता का अनुभव करने के लिए यही सच्चा मार्ग है।


Scanned by CamScanner

www.Padasalai.Net www.TrbTnpsc.com

43. प्रेषक,
रामकृष्ण दास
10, राम नगर
के. के. शहर
चेन्नै - 78

सेवा में,
राज कंपनी
राघवन मार्ग
चेन्नै - 63

मान्य महोदय,

विषय : लिपिक पद के लिए आवेदन
संदर्भ : दिनांक 16-02-2020 - भारत पत्रिका में आपका विज्ञापन

मुझे भारत पत्रिका के विज्ञापन से ज्ञात हुआ कि आप की कंपनी में डाक लिपिक की आवश्यकता है। उक्त पद के लिए मैं अपना आवेदन प्रस्तुत करता हूँ। मेरा विवरण इस प्रकार है,

नाम : राम
पिता का नाम : रामप्रसाद
जन्म तिथि : 05-11-1990
शैक्षिक योग्यताएँ : बी.ए. (अंग्रेज़ी)
अंग्रेजी में टंकण (उच्च)
कम्प्यूटर में पी.जी.डी.सी.ए.
हिन्दी में राष्ट्रभाषा प्रवीण
मातृभाषा : तमिल

मैं विश्वास दिलाता हूँ कि यदि आपकी संस्था में मुझे काम करने का मौका मिले तो अपना काम हर तरह से पूरा करूँगा।

आपका
ह० ----
(रामकृष्ण दास)

24-03-2020

Padasalai

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

40. i) मोउ बिन देखे बिन सुने, कैसे कहें विचार।
कूप - भेक जानें कहा, सागर को विस्तार॥
ii) जो पावैं अति उच्च पद, ताको पतन निदान।
ज्यों तपि - तपि मध्याह्न लौं, अस्त होत है भान॥
iii) कारज धीरे होतें हैं, काहे होत अधीर।
समय पाय तरुवर फरैं, केतिक सींचौं नीर॥

Part IV

Find All the enclosures in Last Page.

→ Prepared for Padasalai by
Ramakrishna Dash
(Student of 12th Biology)
rama.rk980@
gmail.com

Padasalai


Scanned by CamScanner

**अगर हम मैल का सदुपयोग करना सीख लें तो लाखों रुपये की खाद बचा लेंगे और स्वयं अनेक रोगों से बच जाएँगे।**

**संदर्भ :** यह वाक्य 'टालस्टाय फार्म' नामक पाठ से लेकर दिया गया है। यह महात्मा गाँधी का लेख है। महात्मा एक मुकद्दमे की पैरवी के लिए दक्षिण अफ्रीका गये। उन्होंने वहाँ प्रवासी भारतीयों को अंग्रेजी सरकार से अपमानित होते देखा। तब वे वहीं रहकर भारतीयों के समान अधिकार के लिए सत्याग्रह करने लगे। सत्याग्रहियों के परिवारों के रहने के लिए गाँधीजी ने एक आश्रम बनाया। उसका नाम 'टालस्टाय फार्म' रखा। गाँधी उस आश्रम के बारे में लिखते हैं। इस संदर्भ में वे यह वाक्य लिखते हैं। QUESTION – 39

**व्याख्या :** टालस्टाय फार्म को गाँधीजी स्वच्छ रखना चाहते थे। एक कोने में जमीन को खोदकर गड्ढा बनाकर कूडे-कचरे को डाला जाता था। जूठन को भी वह गाढकर मिट्टी डाल दी जाती थी। इससे अच्छा खाद तैयार हो गया। कूडे कचरे की समस्या को निपटाना आज भी मुश्किल लग रहा है। हमारे निगम के लिए यह बड़ी परेशानी है। मगर गाँधीजी कई साल पहले ही इसका हल निकाल चुके। इससे टालस्टाय फार्म के पौधों के लिए खाद खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ी। आश्रम के लोगों को स्वास्थ्य का खतरा भी नहीं आया। कूडे-कचरे का सही उपयोग करने से हम अनेक रोगों से बच भी सकते हैं।

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com Scanned by CamScanner

**करुण रस के लक्षण लिखिए :** QUESTION -40

**परिभाषा :**

इष्ट वस्तु की हानि, प्रेम पात्र का चिर वियोग, आदि से उत्पन्न होनेवाला दुख ही करुण रस कहलाता है।

**रस-सामग्री**

स्थायी भाव : शोक

आलंबन विभाव : बन्धु विनाश, प्रिय वियोग

Padasalai



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| आश्रय विभाव | : | जिसके मन में शोक पैदा होता है। |
| उद्दीपन विभाव | : | प्रिय वस्तु या व्यक्ति की याद, उनका वस्त्र, आभूषण, चित्र आदि का दर्शन। |
| अनुभाव | : | रुदन, छाती पीटना, मूर्छा खाना, प्रलाप करना, भूमि पर गिरना, दैव की निन्दा करना। |
| संचारी भाव | : | व्याधि, ग्लानि, मोह, स्मृति, दैन्य, चिन्ता, उन्माद आदि। |

**उदाहरण** : QUESTION -40

जो भूरिभाग्य भरी विदित थी अनुपमेय सुहागिनी, हे हृदय वल्लभ! हूँ वही अब मैं महा हतभागिनी, जो साथिनी होकर तुम्हारी थी अतीव सनाथिनी, है अब उसी मुझ सी जगत में और कौन अनाथिनी?

यहाँ अभिमन्यु का शव आलंबन है। उत्तरा आश्रय है। पति की वीरता का स्मरण करना उद्दीपन है। उत्तरा का रोना अनुभाव है। स्मृति, दैन्य, चिन्ता आदि संचारी भाव है।

**(3) वीर रस के लक्षण लिखिए:-**

**परिभाषा** :

जिस विषय में से जहाँ उत्साह का संचार हो वहाँ वीर रस होता है। यह उत्साह शत्रु के उत्कर्ष के कारण उत्पन्न हो सकता है या उसकी ललकार, जाति, धर्म की दुर्दशा आदि से उसको मिटाने के लिए मन में उत्साह उत्पन्न हो सकता है या किसी विकट काम को करने का मौका पाकर। आचार्यों ने वीर रस के चार भेद माने हैं।

(1) युद्ध वीर, (2) दानवीर, (3) धर्मवीर, (4) दयावीर, यहाँ युद्ध वीर की निष्पत्ति पर प्रकाश डाला जाता है।

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

www.Padasalai.Net www.TrbTnpsc.com

# रस सामग्री

| | |
|---|---|
| स्थायी भाव | : उत्साह |
| आश्रय विभाव | : नायक या वह व्यक्ति जिसके हृदय में उत्साह उत्पन्न होता है। |
| आलंबन विभाव | : शत्रु |
| उद्दीपन विभाव | : शत्रु की गर्वोक्ति, सेना, रण वाद्य, कोलाहल, ललकार आदि |
| संचारी भाव | : हर्ष, आवेग, स्मृति, रोमांच, उग्रता आदि |
| अनुभाव | : बाँह फड़कना, प्रतिज्ञा करना, हथियारों का प्रहार, आक्रमण आदि |

**उदाहरण**

QUESTION -40

अभिमन्यु शत्रुओं पर तीर चला रहा था,
लाखों को यूँ ही मिट्टी में मिला रहा था।।
सिंह के समान रणभूमि में घूम रहा था,
मस्ती में हाथी जैसा वह वीर झूम रहा था।।

यहाँ शत्रुओं की सेना यानी कौरवों की सेना आलंबन है और अभिमन्यु आश्रय है। शत्रुओं की चुनौती मानकर ही वह लडने जाता है। इसलिए शत्रुओं की चुनौती और उनकी सेना उद्दीपन है। शत्रुओं पर आक्रमण करना अनुभाव है। हर्ष, आवेग, झूमना यह सब संचारी भाव हैं।

Send Your Questions and Answers to Our Email Id - padasalai.net@gmail.com
Scanned by CamScanner

कला के भेद को समझावें :-

वस्तुओं में पाये जानेवाले गुण या कौशल को कला कहते हैं यह दो प्रकार की है
उपयोगी कला, ललित कला
प्रतिदिन की आवश्यकता पूर्ति के लिए जो कला उपयोगी है उसे उपयोगी कला कहते हैं
जैसे घट, कपडा आदि राज, जुलाहे बनाते हैं।
दूसरी ललित कला यह हमारी मानसिक तृप्ति की संगीत, चित्र, शिल्प आदि इनसे हमें अलौकिक आनंद प्राप्त होता है।

QUESTION -44(a)

Padasalai



Scanned by CamScanner

**कवि काल से अपराजित वासी समझाइए?**

QUESTION -45(a)

सभी चीज़ों का नामो निशान मिटाना काल की क्षमता है। मगर कवियों की रचनाएँ जब तक चाँद और सूरज हैं तब तक अमिट रहती हैं। इससे कवि अमर हो जाते हैं। काल कवियों की कीर्ति को अपनी चपेट में ले नहीं सकता। इसलिए कवि अपने को काल से अपराजित मानते हैं। कवि मौत से जरा भी नहीं डरते। कवि मानते हैं कि मौत उनमें नहीं वे स्वयं मृत्यु में वास करते हैं। इस तरह वे काल से अपराजितवासी हैं।



Scanned by CamScanner

# भाई - बहन

कहानीकार सत्यवति मलिक का कहना है
दूरियाँ लोगों को पास लाती है तो
निकटता (closeness) लोगों को अलग कर देती है
यही जीवन की विडंबना (ridicule) है।

QUESTION 45(b)

निर्मला और कमल कुमार दोनों भाई बहन थे।
निर्मला बडी थी तो कमल छोटा था।
बहन निर्मला हमेशा कमल की खिल्ली उडाया करती थी
तो कमल ने माँ से निर्मला की शिकायत की।
माँ सावित्री ने निर्मला से कहा - "एक दिन तो माँ - सावित्री
आप दोनों को अलग होना ही पडेगा तब
तुम तरस जाओगी (long for)।

वह मुहर्रम का समय था
दोनों मुहर्रम का जुलूस देखना चाहते थे
निर्मला को माँ से अनुमति लेने से डर था
अतः उसने भाई को आगे किया।
सावित्री सच्चाई जानती थी। उसने अनुमति दी।
दोनों सीता के घर गए।
भीड (crowd) इतनी थी दोनों भाई बहन बिछड गए (separated)
भाई के दर्शन न करके
निर्मला रोने लगी। उसने माँ को समाचार भी दिया
माँ ने निर्मला को धैर्य दिलाया। कह कि वह आस पास किसी दुकान में होगा
थोडी देर बाद कमल डाक्टर के नौकर के साथ
घर लौटा। या किसी नौकर के साथ होगा

पगले, तू कहाँ चला गया था? मैं तेरे लिए बहुत रोयी।
भाई को देखकर बहुत रोयी।
भाई के लिए उसने गुब्बारे खरीदे, कागज के खिलौने।
भाई बहन के इस प्यार को देखकर
सावित्री आश्चर्य चकित थी।
पता चला दूरियां लोगों को कितने पास लाती हैं।


Scanned by CamScanner

**धर्म-स्वातंत्रय का अर्थ क्या है?** QUESTION -46(b)

संविधान में सबको अपना धर्म मानने का उसपर अमल करने का तथा उसका प्रचार करने का अधिकार दिया गया है। हमारा राज्य ऐसा राज्य है जो धर्म के आधार पर नहीं बना है। इसलिए यह 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' कहा जाता है। यह किसी धर्म के साथ पक्षपात नहीं करता। यह भी नियम है कि किसी सरकारी स्कूल में किसी धर्म की शिक्षा नहीं दी जाएगी।


Scanned by CamScanner